**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ..............................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**J – 1408**

**PAPER – II**

# PUBLIC ADMINISTRATION

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ● (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

# PUBLIC ADMINISTRATION

## PAPER – II

**Note :** This paper contains **fifty** (50) multiple-choice questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

**1.** The word 'administration' has been defined as "the organisation and direction of human and material resources to achieve desired ends" by :
(A) John M. Pfiffner and R. Vance Presthus
(B) John A. Vieg
(C) L. D. White
(D) Woodrow Wilson

**2.** Which of the following statements is true according to Wilson :
(A) Politics is concerned with values and administration with facts.
(B) Politics is value free and administration is value laden
(C) Politics and administration are value free
(D) Politics and administration are value laden

**3.** The administrative theories viewed organisation as :
(A) a rational instrument (B) an ethical instrument
(C) a social instrument (D) an economical instrument

**4.** Behavioural approach recognizes three main factors in the decision - making process :
(A) Assumptions, facts and policies
(B) Purpose, location and people
(C) Objectives, policies and commands
(D) Rationale, assumptions and effect

**5.** The term 'Representative Bureaucracy' has been coined by :
(A) Martin Albraw (B) Max Weber
(C) Karl Marx (D) Donald Kingsley

**6.** 'Administration in Developing Countries : The Theory of Prismatic Society' has been authored by :
(A) Weidner (B) Riggs (C) Mayo (D) Wilson

**7.** Programme Evaluation Organisation is an integral part of :
(A) National Development Council
(B) Central Secretariat
(C) Department of Public Undertaking
(D) Planning Commission

# लोक प्रशासन

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-वैकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** 'प्रशासन' शब्द की परिभाषा ''वांछनीय लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु मानवीय एवं भौतिक संसाधनों को संगठित एवं निर्देशित करना'' किसने दी :

(A) जॉन एम. पिफ़नर एण्ड आर. वैन्स प्रेस्थस

(B) जॉन ए. वीग

(C) एल.डी. व्हाइट

(D) वुडरो विल्सन

**2.** विल्सन के अनुसार निम्न में से कौन सा कथन सही है :

(A) राजनीति मूल्यों से सम्बन्धित है और प्रशासन तथ्यों से।

(B) राजनीति मूल्य निरपेक्ष और प्रशासन मूल्य भारित है।

(C) राजनीति और प्रशासन मूल्य निरपेक्ष हैं।

(D) राजनीति एवं प्रशासन मूल्य भारित हैं।

**3.** प्रशासनिक सिद्धान्त संगठन को समझते हैं :

(A) एक तार्किक उपकरण (B) एक नीतिपरक उपकरण

(C) एक सामाजिक उपकरण (D) एक आर्थिक उपकरण

**4.** व्यवहारवादी उपागम निर्णयन प्रक्रिया में तीन प्रमुख कारकों को मान्यता देता है :

(A) मान्यताऐं, तथ्य एवं नीतियाँ (B) प्रयोजन, स्थान एवं लोग

(C) लक्ष्य, नीतियाँ एवं आदेश (D) तर्काधार, मान्यताऐं एवं प्रभाव

**5.** 'प्रतिनिधिक नौकरशाही' शब्द निर्माण किसके द्वारा किया गया :

(A) मार्टिन ऐल्ब्रौ (B) मैक्स वेबर

(C) कार्ल मार्क्स (D) डोनेल्ड किंग्सले

**6.** 'एडमिनिस्ट्रेशन इन डवलपिंग कन्ट्रीज: द थ्योरी ऑफ प्रिसमैटिक सोसाइटीज' के लेखक हैं :

(A) वाइड़नर (B) रिग्स (C) मेयो (D) विल्सन

**7.** कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन एक अंगभूत हिस्सा है :

(A) राष्ट्रीय विकास परिषद् का (B) केन्द्रीय सचिवालय का

(C) लोक उद्यम विभाग का (D) योजना आयोग का

8. Which of the following formulates and co-ordinates the Federal Fiscal Policy in USA :

(A) Department of Finance
(B) State Department
(C) Budget and Management Board
(D) Federal Reserve Board

9. CPWD is an example of :

(A) Line Agency
(B) Staff Agency
(C) Both Line and Staff Agencies
(D) Neither Line nor Staff Agencies

10. The 'Classification of Services' in India is governed by the Civil Services Rules of :

(A) 1930 (B) 1950 (C) 1960 (D) 1987

11. "Recruitment is the cornerstone of the entire public personnel structure" was stated by :

(A) Stahl (B) E. N. Gladden (C) Nigro (D) Karl Marx

12. Permission by the Parliament for the estimated expenditure for a partial period of the ensuing financial year before the approval of the regular budget is called :

(A) Vote on Account
(B) Appropriation Bill
(C) Cut Motion
(D) Finance Bill

13. In India, the term deficit financing was first defined by :

(A) Finance Commission
(B) First Five year plan
(C) Public Accounts Committee
(D) Estimates Committee

14. The Contingency Fund of India was created in :

(A) 1954 (B) 1955 (C) 1958 (D) 1950

15. Which of the following is a correct point of difference between Accounting and Auditing :

(A) Auditing guides accounting
(B) Auditing begins where Accounting ends
(C) Audit is the function of the legislature while Accounting is an executive function
(D) All of the above

16. The office of the Advocate General in the State Government is constitutionally provided for through Article :

(A) Art. 160 (B) Art. 161 (C) Art. 164 (D) Art. 165

8. संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में संघीय वित्तीय नीति को निम्नलिखित में से कौन सूत्रबद्ध एवं समन्वित करता है :

(A) वित्त विभाग
(B) राज्य विभाग
(C) बजट एवं प्रबन्धन बोर्ड
(D) संघीय रिज़र्व बोर्ड

9. सी.पी.डब्ल्यू.डी. किस का उदाहरण है :

(A) सूत्र अभिकरण
(B) स्टाफ़ अभिकरण
(C) सूत्र एवं स्टाफ़ अभिकरण दोनों
(D) न सूत्र न ही स्टाफ़ अभिकरण

10. भारत में सेवाओं का वर्गीकरण किस वर्ष के सिविल सेवा नियमों द्वारा शासित है :

(A) 1930 (B) 1950 (C) 1960 (D) 1987

11. भर्ती लोक कार्मिक प्रशासन की सम्पूर्ण संरचना का आधार प्रस्तर है। किसने कहा है :

(A) स्टॉल (B) ई.एन. ग्लेडन (C) नीग्रो (D) कार्ल मार्क्स

12. नियमित बजट के पारित होने से पूर्व आगामी वित्त वर्ष के कुछ भाग के लिए अनुमानित व्यय की संसद द्वारा अनुमति कहलाती है :

(A) लेखा अनुदान
(B) विनियोजन विधेयक
(C) कटौती प्रस्ताव
(D) वित्त विधेयक

13. भारत में घाटे के वित्त प्रबन्धन को सर्वप्रथम परिभाषित किया गया था :

(A) वित्त आयोग द्वारा
(B) प्रथम पंच वर्षीय योजना में
(C) लोक लेखा समिति द्वारा
(D) प्राक्कलन समिति द्वारा

14. भारत की आकस्मिक निधि की स्थापना हुई :

(A) 1954 में (B) 1955 में (C) 1958 में (D) 1950 में

15. लेखांकन एवं लेखापरीक्षण के मध्य अन्तर का सही बिन्दु निम्नलिखित में से कौन सा है :

(A) लेखापरीक्षण लेखाकरण का मार्ग दर्शन करता है।
(B) लेखापरीक्षण वहाँ प्रारंम्भ होता है जहाँ लेखांकन समाप्त होता है।
(C) लेखापरीक्षण विधानमण्डल का कार्य है जबकि लेखाकरण कार्यपालिका का कार्य है।
(D) उपर्युक्त सभी

16. राज्य शासन में महाधिवक्ता के पद का प्रावधान संविधान के अनुच्छेद द्वारा किया गया है :

(A) अनुच्छेद 160 (B) अनुच्छेद 161 (C) अनुच्छेद 164 (D) अनुच्छेद 165

**17.** Performance Budgeting means :

(A) an appraisal of accomplishments

(B) detecting extravagance and waste

(C) detecting fraud and technical errors

(D) appraisal of correct state of affairs

**18.** If the following which type of research is related to the examination of cause and effect ?

(A) Pure

(B) Investigative

(C) Descriptive

(D) Behavioural

**19.** In actual practice, the initiative with regard to policy-making has shifted to :

(A) The Executive

(B) The legislature

(C) The Judiciary

(D) Pressure groups

**20.** How many functions have been assigned to municipal bodies in India under the 74th Constitution Amendment Act ?

(A) 33 (B) 18 (C) 29 (D) 12

**21.** **Assertion (A) :** The exercise of authority is always based on rules.

**Reason (R) :** Rules and regulations help to check arbitrary action.

***Codes :***

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

**22.** **Assertion (A) :** The discipline of Public Administration has been facing a crisis of identity.

**Reason (R) :** As an academic discipline, Public Administration has passed through many phases in its evolution.

***Codes :***

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

17. निष्पत्ति बजट से अभिप्राय है :

(A) उपलब्धियों का ऑकलन/मूल्यांकन

(B) बदखर्ची और अपव्यय को ढूंढ निकालना

(C) धोखेबाजी और तकनीकी त्रुटियों को ढूंढ निकालना

(D) सही स्थितियों का ऑकलन/मूल्यांकन

18. निम्न में से किस प्रकार के शोध का संबंध कारण एवं प्रभाव के परीक्षण से हैं?

(A) विशुद्ध (B) अन्वेषणात्मक (C) व्याख्यात्मक (D) व्यवहारिक

19. व्यवहार में नीति निर्माण के विषय में पहल करने का कार्य स्थानांतरित हो गया है :

(A) कार्यपालिका को (B) व्यवस्थापिका को (C) न्यायपालिका को (D) दबाव समूह

20. भारत में 74 वें संविधान संशोधन के अन्तर्गत नगरीय निकायों को कितने कार्य सौंपे गये हैं?

(A) 33 (B) 18 (C) 29 (D) 12

21. **अभिकथन (A) :** सत्ता का प्रयोग सदैव नियमों पर आधारित होता है।

**तर्क (R) :** नियम और विनियमों से स्वैच्छाचारी कार्यों पर अंकुश रखने में मदद मिलती है।

***कूट :***

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(C) **(A)** सत्य है, लेकिन **(R)** असत्य है।

(D) **(A)** असत्य है, लेकिन **(R)** सत्य है।

22. **अभिकथन (A) :** लोक प्रशासन विषय पहचान की संकटावस्था का सामना कर रहा है।

**तर्क (R) :** एक अध्ययन विषय के रूप में लोक प्रशासन विकास के अनेक चरणों से निकला है।

***कूट :***

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(C) **(A)** सत्य है, लेकिन **(R)** असत्य है।

(D) **(A)** असत्य है, लेकिन **(R)** सत्य है।

23. **Assertion (A) :** The 'man' in the organization is broadly dealt with in both the Behavioural and Human Relations approaches.

**Reason (R) :** The relationships of the people in the organization are dealt with in both the approaches.

*Codes :*

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

24. **Assertion (A) :** Neutrality is an important characteristic of Civil Services in India.

**Reason (R) :** The concept of neutrality has its roots in British System.

*Codes :*

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

25. **Assertion (A) :** Audit in India is governed by Indian Audit and Accounts order.

**Reason (R) :** Audit of the State Accounts is the part of union list.

*Codes :*

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

26. **Assertion (A) :** Public opinion plays vital role in a democratic society.

**Reason (R) :** In a democratic society there is freedom of press.

*Codes :*

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

23. **अभिकथन (A) :** व्यवहारवादी और मानव सम्बन्ध उपागमों में संगठन में 'मनुष्य' को व्यापक तौर विवेचन की विषयवस्तु बनाया गया है।

**तर्क (R) :** दोनों उपागमों में संगठन में लोगों के सम्बन्धों को विवेचन की विषय वस्तु माना गया है।

***कूट :***

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, किन्तु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(C) **(A)** सत्य है, किन्तु **(R)** असत्य है।

(D) **(A)** असत्य है, किन्तु **(R)** सत्य है।

24. **अभिकथन (A) :** तटस्थता भारत में लोक सेवाओं की एक महत्वपूर्ण विशेषता है।

**तर्क (R) :** तटस्थता की संकल्पना की जड़ें ब्रिटिश व्यवस्था में निहित है।

***कूट :***

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(C) **(A)** सत्य है, लेकिन **(R)** असत्य है।

(D) **(A)** असत्य है, लेकिन **(R)** सत्य है।

25. **अभिकथन (A) :** भारत में अंकेक्षण, भारतीय अंकेक्षण और लेखा व्यवस्था द्वारा शासित है।

**तर्क (R) :** राज्य लेखा का अंकेक्षण संघीय सूची का हिस्सा है।

***कूट :***

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, किन्तु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(C) **(A)** सत्य है, किन्तु **(R)** असत्य है।

(D) **(A)** असत्य है, किन्तु **(R)** सत्य है।

26. **अभिकथन (A) :** एक लोकतांत्रिक समाज में लोकमत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**तर्क (R) :** एक लोकतांत्रिक समाज में प्रेस की स्वतंत्रता है।

***कूट :***

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, किन्तु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(C) **(A)** सत्य है, किन्तु **(R)** असत्य है।

(D) **(A)** असत्य है, किन्तु **(R)** सत्य है।

27. **Assertion (A) :** Right to Information Act has been accepted by all the States of India.

**Reason (R) :** India follows the 'Rule of Law'.

***Codes :***

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

28. **Assertion (A) :** Local Self Government is the basis of a democratic system.

**Reason (R) :** Democracy at the top may not be successful unless it is built on the foundation of Local Self Government.

***Codes :***

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

29. Arrange the following theories of Public Administration in a sequential order :

(i) Bureaucratic theory

(ii) Behavioural theory

(iii) The Classical theory

(iv) The Scientific Management theory

***Code :***

(A) (i), (ii), (iii) and (iv)
(B) (iv), (iii), (ii) and (i)
(C) (iv), (iii), (i) and (ii)
(D) (iii), (iv), (i) and (ii)

30. Arrange the following stages in the evolution of Public Administration in sequencial order :

(i) Golden era of principles

(ii) Period of challenges and criticisms

(iii) Period of dichotomy

(iv) Period of crisis of identity

***Code :***

(A) (iii), (i), (ii), (iv)
(B) (iv), (iii), (ii), (i)
(C) (iii), (ii), (i), (iv)
(D) (iii), (ii), (iv), (i)

**27.** **अभिकथन (A) :** सूचना का अधिकार अधिनियम भारत के सभी राज्यों द्वारा स्वीकार लिया गया है।

**तर्क (R) :** भारत कानून के शासन का अनुगमन करता है।

***कूट :***

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, किन्तु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(C) **(A)** सत्य है, किन्तु **(R)** असत्य है।

(D) **(A)** असत्य है, किन्तु **(R)** सत्य है।

**28.** **अभिकथन (A) :** स्थानीय स्वायत्त शासन प्रजातांत्रिक व्यवस्था का आधार है।

**तर्क (R) :** उच्च स्तर पर लोकतंत्र कदाचित सफल न हो जब तक कि उसे स्थानीय स्वशासन के धरातल पर निर्मित न किया जाय।

***कूट :***

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, किन्तु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(C) **(A)** सत्य है, किन्तु **(R)** असत्य है।

(D) **(A)** असत्य है, किन्तु **(R)** सत्य है।

**29.** लोक प्रशासन के निम्नलिखित सिद्धान्तों को आनुक्रमिक क्रम में रखिए :

(i) नौकरशाही सिद्धान्त

(ii) व्यवहारवादी सिद्धान्त

(iii) शास्त्रीय सिद्धान्त

(iv) वैज्ञानिक प्रबन्ध सिद्धान्त

***कूट :***

(A) (i), (ii), (iii) और (iv)

(B) (iv), (iii), (ii) और (i)

(C) (iv), (iii), (i) और (ii)

(D) (iii), (iv), (i) और (ii)

**30.** लोक प्रशासन के विकास में निम्नलिखित चरणों को कालानुक्रमिक चक्र में व्यवस्थित कीजिए :

(i) सिद्धान्तों का स्वर्णिम युग

(ii) चुनौतियों एवं आलोचनाओं का युग

(iii) द्विभाजन का काल

(iv) पहचान को संकट का काल

***कूट :***

(A) (iii), (i), (ii), (iv)

(B) (iv), (iii), (ii), (i)

(C) (iii), (ii), (i), (iv)

(D) (iii), (ii), (iv), (i)

31. Arrange in sequential order the following supporters of Politics - Administration dichotomy theory :

(i) Woodrow Wilson

(ii) F.J. Goodnow

(iii) F.W. Taylor

(iv) Henry Fayol

***Code :***

(A) (iii), (ii), (i), (iv) (B) (iv), (iii), (ii), (i)

(C) (i), (ii), (iii), (iv) (D) (ii), (iii), (iv), (i)

32. Identify the correct order of the reports given below :

(i) P.H. Appleby Report I

(ii) A.D. Gorwala Report

(iii) Santhanam Committee Report

(iv) Administrative Reforms Commission Report

***Code :***

(A) (ii), (i), (iv), (iii) (B) (ii), (i), (iii), (iv)

(C) (i), (ii), (iii), (iv) (D) (i), (ii), (iv), (iii)

33. Following Committees have been appointed from time to time to bring reforms in the Panchayati Raj System in India. Their correct chronological order is :

(i) L.M. Singhvi Committee

(ii) Ashok Mehta Committee

(iii) P.K. Thungan Committee

(iv) G.V.K. Rao Committee

***Code :***

(A) (ii), (iv), (i), (iii) (B) (i), (ii), (iii), (iv)

(C) (iv), (iii), (ii), (i) (D) (i), (iii), (ii), (iv)

34. Arrange the following stages of India's Central level planning in a chronological order :

(i) perspective targeting

(ii) preparation of the approach paper

(iii) formulation of guidelines

(iv) publication of the draft plan

***Code :***

(A) (iv), (iii), (i), (ii) (B) (ii), (i), (iii), (iv)

(C) (i), (iii), (ii), (iv) (D) (i), (ii), (iii), (iv)

**31.** राजनीति-प्रशासन द्विविभाजन सिद्धान्त के निम्नलिखित समर्थकों को अनुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) वुडरो विल्सन

(ii) एफ.जे. गुडनाऊ

(iii) एफ.डब्ल्यू. टेलर

(iv) हेनरी फेयोल

***कूट :***

(A) (iii), (ii), (i), (iv) (B) (iv), (iii), (ii), (i)

(C) (i), (ii), (iii), (iv) (D) (ii), (iii), (iv), (i)

**32.** निम्नलिखित प्रतिवेदनों का सही क्रम अभिलक्षित कीजिए :

(i) पी.एच. एपलबी रिपोर्ट I

(ii) ए.डी. गोरवाला रिपोर्ट

(iii) संथानम कमेटी रिपोर्ट

(iv) प्रशासनिक सुधार आयोग प्रतिवेदन

***कूट :***

(A) (ii), (i), (iv), (iii) (B) (ii), (i), (iii), (iv)

(C) (i), (ii), (iii), (iv) (D) (i), (ii), (iv), (iii)

**33.** भारत में पंचायती राज व्यवस्था में सुधार के लिए समय-समय पर निम्न समितियों की नियुक्ति की गई है। इन्हें सही क्रम में लगाइये :

(i) एल.एम. सिंघवी समिति

(ii) अशोक मेहता समिति

(iii) पी.के. थुंगन समिति

(iv) जी.वी.के. राव समिति

***कूट :***

(A) (ii), (iv), (i), (iii) (B) (i), (ii), (iii), (iv)

(C) (iv), (iii), (ii), (i) (D) (i), (iii), (ii), (iv)

**34.** भारत में केन्द्रीय नियोजन की निम्नलिखित चरणों को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) संदर्श लक्ष्यांकन

(ii) दृष्टिकोण पत्र तैयार करना

(iii) संदर्शिका का निरूपण

(iv) प्रारूप योजना का प्रकाशन

***कूट :***

(A) (iv), (iii), (i), (ii) (B) (ii), (i), (iii), (iv)

(C) (i), (iii), (ii), (iv) (D) (i), (ii), (iii), (iv)

35. Following programmes were launched for the improvement of the socio-economic conditions of the rural population. Put them in chronological order :

(i) Rural Landless Employment Guarantee Programme

(ii) TRYSEM

(iii) IRDP

(iv) DPAP

***Code :***

(A) (i), (ii), (iii), (iv)  (B) (ii), (iii), (iv), (i)

(C) (iii), (iv), (i), (ii)  (D) (iv), (iii), (ii), (i)

36. Match **List-I** with **List-II** and select the correct answer from the codes given below :

| | ***List-I*** | | ***List-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Upward Communication | (i) | Reports of grievances |
| (b) | Downward Communication | (ii) | Discussion |
| (c) | Horizontal Communication | (iii) | Gossip |
| (d) | Grapevine | (iv) | Instruction Circulars |

***Code :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(iv)* | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* |
| (B) | *(iv)* | *(ii)* | *(iii)* | *(i)* |
| (C) | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* |
| (D) | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* | *(i)* |

37. Match **List-I** with **List-II** and select the correct answer from the codes given below :

| | ***List-I*** | | ***List-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Bounded Rationality | (i) | Rensis Likert |
| (b) | Maturity and Immaturity theory | (ii) | Abraham Moslow |
| (c) | Hierarchy of Needs | (iii) | Argyris |
| (d) | Systems of Management | (iv) | Simon |

***Code :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(iv)* | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* |
| (C) | *(iii)* | *(iv)* | *(ii)* | *(i)* |
| (D) | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* | *(i)* |

35. निम्नलिखित कार्यक्रम ग्रामीण जनसंख्या की सामाजिक आर्थिक स्थितियों को सुधारने हेतु प्रारंभ किए गए। इन्हें कालानुक्रम अनुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारन्टी कार्यक्रम

(ii) ट्राईसम

(iii) आई.आर.डी.पी.

(iv) डी.पी.ए.पी.

***कूट :***

(A) (i), (ii), (iii), (iv)

(B) (ii), (iii), (iv), (i)

(C) (iii), (iv), (i), (ii)

(D) (iv), (iii), (ii), (i)

36. ***सूची-I*** का ***सूची-II*** से मिलान कीजिए और दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिये :

| ***सूची-I*** | ***सूची-II*** |
|---|---|
| (a) ऊर्ध्वगामी संचार | (i) शिकायतों की रिपोर्ट |
| (b) अधोगामी संचार | (ii) परिचर्चा |
| (c) समस्तरीय संचार | (iii) गपशप |
| (d) ग्रेपवाइन | (iv) अनुदेश परिपत्र |

***कूट :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(iv)* | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* |
| (B) | *(iv)* | *(ii)* | *(iii)* | *(i)* |
| (C) | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* |
| (D) | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* | *(i)* |

37. ***सूची-I*** का ***सूची-II*** से मिलान कीजिए तथा दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिये :

| ***सूची-I*** | ***सूची-II*** |
|---|---|
| (a) सीमित बौद्धिकता | (i) रेंसिस लिकर्ट |
| (b) परिपक्वता एवं अपरिपक्वता सिद्धान्त | (ii) अब्राहम मैस्लो |
| (c) आवश्यकताओं का पदसोपान | (iii) आरगिरिस |
| (d) प्रबन्ध की प्रणालियाँ | (iv) साइमन |

***कूट :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(iv)* | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* |
| (C) | *(iii)* | *(iv)* | *(ii)* | *(i)* |
| (D) | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* | *(i)* |

38. Match ***List-I*** with ***List-II*** and select the correct answer by using the codes given below :

| ***List-I*** | | ***List-II*** | |
|---|---|---|---|
| (a) | E.N. Gladden | (i) | Principles of Public Administration |
| (b) | F.M. Marx | (ii) | Elements of Public Administration |
| (c) | Pfiffner and Presthus | (iii) | Public Administration |
| (d) | W.F. Willoughby | (iv) | An Introduction to Public Administration |

***Code :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* | *(i)* |
| (B) | *(iv)* | *(ii)* | *(iii)* | *(i)* |
| (C) | *(iii)* | *(i)* | *(ii)* | *(iv)* |
| (D) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |

39. Match ***List-I*** with ***List-II*** and select the correct answer from the codes given below :

| ***List-I*** | | ***List-II*** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Unity of Command | (i) | One head one plan |
| (b) | Unity of Direction | (ii) | One subordinate, one superior |
| (c) | Human Relationists | (iii) | Focus on physical environment |
| (d) | Traditionalists | (iv) | Focus on social environment |

***Code :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* | *(iii)* |
| (B) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (C) | *(iv)* | *(iii)* | *(i)* | *(ii)* |
| (D) | *(iii)* | *(iv)* | *(ii)* | *(i)* |

40. Match ***List-I*** with ***List-II*** and select the correct answer from the codes given below :

| ***List-I*** | | ***List-II*** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Abandonment of the political development concept | (i) | F.W. Riggs |
| (b) | Development as an Ideal type | (ii) | Hans. S. Park |
| (c) | Political authority and competition for politically allocated values | (iii) | Harry Eckstein |
| (d) | Political culture and development | (iv) | Almond |

***Code :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* | *(iii)* |
| (B) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (C) | *(iv)* | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* |
| (D) | *(iii)* | *(i)* | *(iv)* | *(ii)* |

38. ***सूची*-*I*** का ***सूची*-*II*** से मिलान कीजिये और दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | ***सूची*-*I*** | | ***सूची*-*II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | इ.एन. ग्लेड्न | (i) | प्रिंसीपल्स ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन |
| (b) | एफ.एम. मार्क्स | (ii) | एलिमेन्टस ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन |
| (c) | पिफनर एण्ड प्रेंस्थस | (iii) | पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन |
| (d) | डब्ल्यू.एफ. विलोबी | (iv) | एन इंट्रोडक्सन टू पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन |

***कूट :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* | *(i)* |
| (B) | *(iv)* | *(ii)* | *(iii)* | *(i)* |
| (C) | *(iii)* | *(i)* | *(ii)* | *(iv)* |
| (D) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |

39. ***सूची*-*I*** को ***सूची*-*II*** से मिलाइये तथा निम्न कूट में से सही उत्तर चुनिये :

| | ***सूची*-*I*** | | ***सूची*-*II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | आदेश की एकता | (i) | एक प्रमुख एक योजना |
| (b) | निर्देश की एकता | (ii) | एक अधीनस्थ एक वरिष्ठ |
| (c) | मानव सम्बद्धवादी | (iii) | भौतिक वातावरण पर संकेन्द्रण |
| (d) | परम्परावादी | (iv) | सामाजिक वातावरण पर संकेन्द्रण |

***कूट :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* | *(iii)* |
| (B) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (C) | *(iv)* | *(iii)* | *(i)* | *(ii)* |
| (D) | *(iii)* | *(iv)* | *(ii)* | *(i)* |

40. ***सूची*-*I*** को ***सूची*-*II*** से मिलाइये तथा निम्न कूट से सही उत्तर को चुनिये :

| | ***सूची*-*I*** | | ***सूची*-*II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | राजनीतिक विकास के सिद्धान्त की समाप्ति | (i) | एफ.डब्ल्यू. रिग्स |
| (b) | विकास एक आदर्श प्रकार के रूप में | (ii) | हैन्स एस. पार्क |
| (c) | राजनीतिक रूप से आवंटित मूल्यों के लिए राजनीतिक सत्ता एवं प्रतियोगिता | (iii) | हैरी एक्सटिन |
| (d) | राजनीतिक संस्कृति एवं विकास | (iv) | एल्मौण्ड |

***कूट :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* | *(iii)* |
| (B) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (C) | *(iv)* | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* |
| (D) | *(iii)* | *(i)* | *(iv)* | *(ii)* |

**41.** Match ***List-I*** with ***List-II*** and select the correct answer from the codes given below :

| | ***List-I*** | | ***List-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | USA | (i) | Disintegrated system |
| (b) | UK | (ii) | Colonical Legacy |
| (c) | India | (iii) | Result of evolution |
| (d) | France | (iv) | Separation of powers |

***Code :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(ii)* | *(iii)* | *(i)* | *(iv)* |
| (C) | *(iv)* | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* |
| (D) | *(iii)* | *(i)* | *(iv)* | *(ii)* |

**42.** Match ***List-I*** with ***List-II*** and select the correct answer from the codes given below :

| | ***List-I*** | | ***List-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Annual financial statement | (i) | Article 115 |
| (b) | Money bill | (ii) | Article 110 |
| (c) | Vote on account | (iii) | Article 112 |
| (d) | Supplementary grants | (iv) | Article 116 |

***Code :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(iv)* | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* |
| (C) | *(iii)* | *(ii)* | *(iv)* | *(i)* |
| (D) | *(i)* | *(iv)* | *(ii)* | *(iii)* |

**43.** Match ***List-I*** with ***List-II*** and select the correct answer from the codes given below :

| | ***List-I*** | | ***List-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Public Accounts Committee | (i) | 1950 |
| (b) | Estimates Committee | (ii) | 1921 |
| (c) | Committee on Public Undertakings | (iii) | 1976 |
| (d) | Separation of Accounting from Audit | (iv) | 1964 |

***Code :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(iv)* | *(ii)* | *(iii)* |
| (B) | *(iv)* | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* |
| (C) | *(i)* | *(ii)* | *(iv)* | *(iii)* |
| (D) | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* | *(iii)* |

**41.** ***सूची*-*I*** का ***सूची*-*II*** के साथ मिलान कीजिए दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| ***सूची*-*I*** | | ***सूची*-*II*** | |
|---|---|---|---|
| (a) | यू.एस.ए. | (i) | विघटनीय व्यवस्था |
| (b) | यू.के. | (ii) | औपनिवेशिक विरासत |
| (c) | भारत | (iii) | विकास का परिणाम |
| (d) | फ्रांस | (iv) | शक्ति पृथक्करण |

***कूट :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(ii)* | *(iii)* | *(i)* | *(iv)* |
| (C) | *(iv)* | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* |
| (D) | *(iii)* | *(i)* | *(iv)* | *(ii)* |

**42.** ***सूची*-*I*** का ***सूची*-*II*** से मिलान कीजिए दिये गये कूट में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए :

| ***सूची*-*I*** | | ***सूची*-*II*** | |
|---|---|---|---|
| (a) | वार्षिक वित्तीय प्रपत्र | (i) | अनुच्छेद 115 |
| (b) | धन विधेयक | (ii) | अनुच्छेद 110 |
| (c) | लेखानुदान | (iii) | अनुच्छेद 112 |
| (d) | पूरक अनुदान (मांगें) | (iv) | अनुच्छेद 116 |

***कूट :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(iv)* | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* |
| (C) | *(iii)* | *(ii)* | *(iv)* | *(i)* |
| (D) | *(i)* | *(iv)* | *(ii)* | *(iii)* |

**43.** ***सूची*-*I*** का ***सूची*-*II*** से मिलान कीजिए तथा दिए गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| ***सूची*-*I*** | | ***सूची*-*II*** | |
|---|---|---|---|
| (a) | लोक लेखा समिति | (i) | 1950 |
| (b) | अनुमान समिति | (ii) | 1921 |
| (c) | लोक उपक्रम समिति | (iii) | 1976 |
| (d) | लेखांकन का अंकेक्षण से पृथक्करण | (iv) | 1964 |

***कूट :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(iv)* | *(ii)* | *(iii)* |
| (B) | *(iv)* | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* |
| (C) | *(i)* | *(ii)* | *(iv)* | *(iii)* |
| (D) | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* | *(iii)* |

**44.** Match ***List-I*** with ***List-II*** and select the correct answer from the codes given below :

| | ***List-I*** | | ***List-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Kothari Commission | (i) | 1975 - 1976 |
| (b) | First Pay Commission | (ii) | 1947 |
| (c) | Emergence of Formal Bureaucracy in India | (iii) | 1854 |
| (d) | Central Public Service Commission | (iv) | 1226 |

***Code :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(iv)* | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* |
| (C) | *(i)* | *(ii)* | *(iv)* | *(iii)* |
| (D) | *(ii)* | *(i)* | *(iii)* | *(iv)* |

**45.** Match ***List-I*** with ***List-II*** and select the correct answer from the codes given below :

| | ***List-I*** | | ***List-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Motilal Nehru Committee | (i) | Establishment of Public Service Commission in India |
| (b) | Government of India Act, 1935 | (ii) | Recommended for imperial, provincial and sub-ordinate services |
| (c) | Aitchison Committee | (iii) | Recommended for separate Civil Services for the centre |
| (d) | Lee Commission | (iv) | Recommend for Federal Public Service Commission |

***Code :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(iii)* | *(iv)* | *(ii)* | *(i)* |
| (B) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (C) | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* | *(iii)* |
| (D) | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* | *(i)* |

***Read the following passage and answer the questions that follow on the basis of your understanding of the passage :***

Public Administration as an aspect of governmental activity has existed as long as political systems have been functioning and trying to achieve program objectives set by the political decision-makers. Public Administration as a field of systematic study is much more recent. Advisors to rulers and commentators on the workings of government have recorded their observations from time to time in sources as varied as Kautilya's 'Arthasastra' in ancient India, the 'Bible', Aristotle's 'Politics', and Machiavelli's 'The Prince', but it was not until the eighteenth century that cameralism, concerned with the systematic management of governmental affairs, became a speciality of German scholars in Western Europe. In the United States, such a development did not take place until the latter part of the nineteenth century with the publication in 1887 of Woodrow Wilson's famous essay, "The study of Administration", generally considered the starting point. Since that time, public administration has become a well-recognized area of specialized interest, either as a subfield of political science or as an academic discipline in its own right.

44. ***सूची-I*** को ***सूची-II*** से मिलाइये तथा निम्न कूट में से सही उत्तर चुनिये :

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | कोठारी आयोग | (i) | 1975 - 1976 |
| (b) | प्रथम वेतन आयोग | (ii) | 1947 |
| (c) | भारत में औपचारिक नौकरशाही का उदय | (iii) | 1854 |
| (d) | केन्द्रीय लोक सेवा आयोग | (iv) | 1226 |

***कूट :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (B) | *(iv)* | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* |
| (C) | *(i)* | *(ii)* | *(iv)* | *(iii)* |
| (D) | *(ii)* | *(i)* | *(iii)* | *(iv)* |

45. सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए तथा दिये गये कूट में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए :

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | मोतीलाल नेहरू समिति | (i) | भारत में लोकसेवा आयोग की स्थापना |
| (b) | भारत सरकार अधिनियम, 1935 | (ii) | शाही सेवा, प्रान्तीय एवं अधीनस्थ सेवाओं की अनुशंसा |
| (c) | एचीसन समिति | (iii) | केन्द्र के लिए पृथक लोक सेवाओं की अनुशंसा |
| (d) | ली आयोग | (iv) | संघीय लोक सेवा आयोग की अनुशंसा |

***कूट :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | *(iii)* | *(iv)* | *(ii)* | *(i)* |
| (B) | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| (C) | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* | *(iii)* |
| (D) | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* | *(i)* |

***निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर अपनी समझ के अनुसार उस पर आधारित प्रश्नों का उत्तर दीजिए :***

लोक प्रशासन सरकारी गतिविधियों के एक पहलू के रूप में तब से अस्तित्व में रहा है जब से राजनैतिक व्यवस्थाएं कार्यरत रही हैं और राजनैतिक निर्णयकर्ताओं द्वारा निर्धारित कार्यक्रम उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है। व्यवस्थित अध्ययन के क्षेत्र के रूप में लोक प्रशासन अपेक्षाकृत अधिक नूतन है। शासकों के परामर्शदाताओं और सरकार की कार्यशीलताओं पर टिप्पणी कर्ताओं ने समय समय पर विविध स्त्रोतों, जैसे कि प्राचीन भारत में कौटिल्य का 'अर्थशास्त्र', 'बाइबल', अरस्तू के 'पॉलिटिक्स' और मैकियावैली के 'दि प्रिंस' में अपनी टिप्पणियों को अभिलिखित किया है। परन्तु 18 वीं शताब्दी के पश्चात ही सरकारी कार्य कलापों के व्यवस्थित प्रबन्ध से सम्बन्धित कैमरेलिज्म पश्चिमी यूरोप में जर्मन बुद्धिजीवियों की विशिष्टता बनी। अमेरिका में, ऐसा घटनाक्रम 19 वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध तक तब तक नहीं हुआ, जब तक कि 1887 में वुडरो विल्सन के प्रसिद्ध निबन्ध 'द स्टडी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन' जिसे प्रारंभिक बिन्दु माना जाता है, का प्रकाशन हुआ है। उस समय से लोक प्रशासन या तो राजनीति विज्ञान के उपक्षेत्र के रूप में, अथवा अपने स्वयं के बल पर बौद्धिक विषय के रूप में विशिष्ट रूचि का सामान्य क्षेत्र बन गया है।

**46.** In Public Administration the word "Public" denotes :

(A) Masses (B) Democracy

(C) Bureaucracy (D) Governmental

**47.** Which statement regarding Public Administration is ***incorrect*** ?

(A) After publication of Woodrow Wilson's Article, Public Administration was considered a separate discipline

(B) Public Administration as an activity have been prevalent in our society since long

(C) Public Administration deals with the study of only organisations

(D) Public Administration is concerned with achieving programme objectives

**48.** Which of the following pair have been the advisers to the rulers. Select the correct answer from the codes given below :

(A) Kautilya and Aristotle (B) Machiavelli and Aristotle

(C) Machiavelli and Kautilya (D) Woodrow Wilson and Aristotle

**49.** Arrange the following in chronological order in the evolution of Public Administration.

(i) Machiavelli

(ii) Woodrow Wilson

(iii) Aristotle

(iv) German Scholars

(A) (iii), (i), (iv), (ii) (B) (ii), (i), (iii), (iv)

(C) (iv), (ii), (iii), (i) (D) (i), (ii), (iii), (iv)

**50.** Public Administration has become an academic discipline in its own right after the writings of :

(A) Woodrow Wilson (B) Machiavelli

(C) Aristotle (D) Kautilya

- o O o -

**46.** लोक प्रशासन में लोक शब्द इंगित करता है :

(A) जनसाधारण (B) प्रजातंत्र

(C) नौकरशाही (D) सरकारी

**47.** लोक प्रशासन से सम्बन्धित कथनों में से कौनसा ***गलत*** है?

(A) वुडरो विल्सन के लेख के प्रकाशन के पश्चात से लोक प्रशासन पृथक विषय समझा जाने लगा।

(B) एक गतिविधि के रूप में लोक प्रशासन हमारे समाज में लम्बे समय से प्रचलित है।

(C) लोक प्रशासन सिर्फ संगठनों के अध्ययन के साथ सम्बन्धित है।

(D) लोक प्रशासन कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्राप्त करने से सम्बन्धित है।

**48.** निम्नलिखित में से कौनसा युग्म शासकों का परामर्शदाता रहा है। दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) कौटिल्य और अरस्तू (B) मैकियावैली और अरस्तू

(C) मैकियावैली और कौटिल्य (D) वुडरो विल्सन और अरस्तू

**49.** लोक प्रशासन के विकास में निम्नलिखित को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) मैकियावैली

(ii) वुडरो विल्सन

(iii) अरस्तू

(iv) जर्मन बुद्धिजीवी

(A) (iii), (i), (iv), (ii) (B) (ii), (i), (iii), (iv)

(C) (iv), (ii), (iii), (i) (D) (i), (ii), (iii), (iv)

**50.** किसके लेखन के पश्चात लोक प्रशासन अपने स्वयं के बल पर एक शैक्षणिक विषय बन गया :

(A) वुडरो विल्सन (B) मैकियावैली

(C) अरस्तू (D) कौटिल्य

- o O o -

**Space For Rough Work**